**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राजभवन, माउंट आबू में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत

## राजस्थानी लोक संगीत, गायन और नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से सराबोर हुए मेहमान

जयपुर/ माउंट आबू, 5 जून। राजभवन, माउंट आबू में सोमवार को पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत राज्यपाल श्री कलराज मिश्र द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र भी उपस्थित रहीं।

लोक कलाओं से सजी सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान के लोक कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियां दी। आरंभ में राज्यपाल ने कलाकारों का अभिनंदन करते हुए उनका स्वागत भी किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत मांड राग में "पधारो म्हारे देस.." लोकगीत से हुई। गाज़ी खां कलाकार समूह के लोक कलाकारों ने बाद में सूफी और निर्गुण भजनों से भी सुनने वालों को सराबोर किया। संध्या में राजस्थानी घूमर, कालबेलिया, भवाई, चरी नृत्य की जब प्रस्तुतियां हुईं तो दर्शक कलाकारों की कला संग भावों में बहते चले गए। संध्या का मुख्य आकर्षण लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत "डेजर्ट सिंफनी" रही। इसमें लोक संगीत, नृत्य और गायन की सबरंगी संस्कृति से कलाकारों ने साक्षात कराया।

कलाकारों ने कमायचा, मोरचंग, सारंगी, ढोल, मृदंग, खड़ताल आदि लोक वाद्य यंत्रों पर सुरीली धुनों की अनूठी जुगलबंदी प्रस्तुत की। छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिला, म्हारो हेलो सुणो नी रामा पीर और बाद में सभी कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

इस अवसर पर राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री मधुकर गुप्ता, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक श्रीमती किरण सोनी गुप्ता, राज्यों के चुनाव आयुक्त, अधिकारी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे ।

--------

## स्वच्छता अभियान सप्ताह की शुरुआत करेंगे राज्यपाल

जयपुर/ माउंट आबू, 5 जून। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार को प्रातः 11.30 बजे माउंट आबू में नक्की झील के पास से स्वच्छता अभियान सप्ताह की शुरुआत करेंगे।

------